अमेरिकी समान रोज़गार अवसर आयोग

# भेदभाव की रोकथाम करना अच्छा काम है

**भेदभाव की रोकथाम करने से अच्छे काम की भावना उत्पन्न होती है।** कानून का अनुपालन करने से कर्मचारी की उत्पादकता, प्रतिधारण और मनोबल में वृद्धि होती है और कानूनी खर्चे सीमित हो जाते हैं। यहाँ तक कि अक्षमताओं वाले लोगों को नियुक्त करने पर या अक्षमताओं वाले लोगों के लिए अपना व्यवसाय पहुँच योग्य बनाने के लिए भी आपको कर लाभ प्राप्त हो सकते हैं! अधिक जानकारी के लिए http://www.eeoc.gov/eeoc/publications/adahandbook.cfm#appendixa देखें।

***लघु व्यवसाय के स्वामियों को EEOC सहायता प्रदान कर सकता है!*** EEOC एक ऐसी संघीय सरकारी एजेंसी है जो जाति, रंग, धर्म, लिंग, राष्ट्रीय मूल, अक्षमता, आयु और आनुवांशिक जानकारी के आधार पर होने वाले रोज़गार से संबंधित भेदभाव के ख़िलाफ़ संघीय कानून लागू करता है। ये कानून भेदभाव का विरोध करने या भेदभाव की रिपोर्ट करने के लिए अथवा किसी भेदभाव संबंधी जाँच में या मुकदमे में भाग लेने के कारण उत्पन्न होने वाले प्रतिकार (दंड) को भी रोकते हैं।

## आपकी ज़िम्मेदारियाँ

- **सुनिश्चित करना कि रोज़गार संबंधी निर्णय** जाति, रंग, धर्म, लिंग, राष्ट्रीय मूल, अक्षमता, आयु या आनुवांशिक जानकारी पर आधारित न हों।

- **सुनिश्चित करना कि कार्य नीतियाँ और अभ्यास** उस काम से संबंधित हों और किसी विशेष जाति, रंग, धर्म, लिंग, राष्ट्रीय मूल, अक्षमता या आयु के लोगों को अनुपातहीन रूप से अलग न रखा जाए।

- **सुनिश्चित करना कि कर्मचारियों की** जाति, रंग, धर्म, लिंग, राष्ट्रीय मूल, अक्षमता, आयु या आनुवांशिक जानकारी के कारण उनका उत्पीड़न न हो।
- **एक जैसा काम करने वाले पुरुष और महिला कर्मचारियों को तब तक बराबर वेतन प्रदान करना,** जब तक कि आप किसी वेतन के अंतर को कानून के अंतर्गत उचित न ठहरा सकें।

- **भेदभाव संबंधी शिकायतों पर तुरंत और पर्याप्त रूप से प्रतिक्रिया देना।** उत्पीड़न और भेदभाव को बंद करना, उनका समाधान करना और उन्हें रोकना। सुनिश्चित करना कि कर्मचारियों को शिकायत करने के कारण दंडित न किया जाए।

- **आवेदकों और कर्मचारियों के लिए चिकित्सकीय या धार्मिक कारणों से आवश्यक होने पर उन्हें उचित अनुशंसाएँ** (कार्यालय में आमतौर पर की जाने वाली चीज़ों के तरीके में परिवर्तन करना, **जैसे कि किसी शेड्यूल में परिवर्तन की अनुमति देना ताकि कोई कर्मचारी डॉक्टर के अपॉइंटमेंट के लिए उपस्थित रह सके** या किसी धार्मिक अवकाश में अच्छी तरह से शामिल हो सके) प्रदान करना, अगर ऐसा करना कानूनन आवश्यक हो।

- **एक ऐसा पोस्टर प्रदर्शित करना** जो संघीय रोज़गार भेदभाव कानूनों का वर्णन करता हो। (http://www1.eeoc.gov/employers/poster.cfm पर जाकर मुफ़्त में एक पोस्टर डाउनलोड करें।)

- उन सभी रिकॉर्ड (जैसे कि आवेदन और कर्मचारी रिकॉर्ड) को संभालकर रखें जो कानूनन आवश्यक हों।

संघीय, राजकीय या स्थानीय कानूनों के अंतर्गत आपकी अतिरिक्त ज़िम्मेदारियाँ हो सकती हैं।

## हम किस प्रकार सहायता कर सकते हैं

- हम अपने द्वारा लागू किए जाने वाले कानूनों से संबंधित **आपके प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं।**

- उत्पीड़न, प्रतिकार और अन्य प्रकार के गैरकानूनी भेदभावों को रोकने में आपकी सहायता करने के लिए **हम सुझाव प्रदान कर सकते हैं।**

- हम कार्यस्थल के अधिकारों और ज़िम्मेदारियों के संबंध में आपको और आपके कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर सकते हैं।

- **हम मध्यस्थता द्वारा** EEOC के भेदभाव संबंधी आरोपों (शिकायतों) का समाधान करने में आपकी सहायता कर सकते हैं। EEOC मध्यस्थता विवादों का समाधान करने की एक मुफ़्त, अनौपचारिक, गोपनीय प्रक्रिया है, जिससे आपका समय और पैसा बच सकता है।

## हमसे संपर्क करें!

भेदभाव संबंधी आरोपों (शिकायतों) का समाधान करने में आपकी सहायता कर सकते हैं।

- **क्या EEOC के संबंध में जानकारी या प्रशिक्षण चाहते हैं?** अपने स्थानीय EEOC लघु व्यवसाय संपर्क अधिकारी (http://www.eeoc.gov/employers/contacts.cfm) से संपर्क करें या हमें 1-800-669-4000 (TTY: 1-800-669-6820) नंबर पर कॉल करें।

- **क्या हमारे द्वारा लागू किए जाने वाले कानूनों के बारे में जानकारी पीपित रकना चाहते हैं?** (202) 663-4691 नंबर पर हरें कॉल करें।

- **क्या आपके पास अपने व्यवसाय के ख़िलाफ़ EEOC द्वारा लगाए गए भेदभाव के किसी आरोप के संबंध में प्रश्न हैं?** आपके आरोप के लिए निर्दिष्ट किए गए EEOC जाँच अधिकारी से संपर्क करें।

हमें उम्मीद है कि आप हमें अपनी प्रतिक्रिया अवश्य भेजेंगे!

अतिरिक्त जानकारी के लिए, अपने स्थानीय EEOC लघु व्यवसाय संपर्क अधिकारी (http://www.eeoc.gov/employers/contacts.cfm) से संपर्क करें।